आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. नागर विमानन मंत्रालय ने कहा - केंद्र सरकार द्वारा विमान ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने के लिए दी गई बजटीय सहायता से टिकटों की कीमतों में बढ़ोतरी को रोका जा सकेगा।

2. हरियाणा को पी एम सूर्य घर योजना के तहत तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले।

3. हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने युवाओं से रोजगार सृजक बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

4. हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए जल्द एक ऐप शुरू करेगा।

5. सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया।

**********************************************************************

नागर विमानन मंत्रालय के निदेशक रोहित राज ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विमान ईंधन- ए.टी.एफ. की कीमतों को स्थिर रखने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय आम जनता के हित में लिया गया है, ताकि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईंधन की कीमतों में आई असामान्य बढ़ोतरी का बोझ यात्रियों पर न पड़े। नई दिल्ली में आज पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में श्री रोहित राज ने कहा कि इस कदम से टिकटों की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी को रोका जा सकेगा।

इस दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अब 99 प्रतिशत एल.पी.जी. सिलेंडरों की बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और 96 प्रतिशत से अधिक सिलेंडरों की डिलीवरी ओ.टी.पी. के माध्यम से की जा रही है। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी है।

**********************************************************************

केंद्र सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आज पी एम सूर्य घर योजना के तहत नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किए गए। हरियाणा को तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। हरियाणा ने सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार स्थान हासिल किया है।जबकि सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदन श्रेणी और सर्वाधिक डिस्कॉम निरीक्षण श्रेणी में तृतीय पुरस्कार मिला है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह पुरस्कार उनकी और विभाग के कर्मठ कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का परिणाम हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने युवाओं से रोजगार सृजक बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। राज्यपाल आज चंडीगढ़ में लोक भवन में ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’ पहल के अंतर्गत आयोजित ‘युवा संगम कार्यक्रम’ के तहत हरियाणा दौरे पर आए त्रिपुरा के छात्र प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमिता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को अपनाकर अपने विचारों को सफल उद्यमों में परिवर्तित करें तथा दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रो. असीम कुमार घोष ने छात्रों से अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप और नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं में अपार प्रतिभा और अटूट संकल्प है। यदि वे अपनी

ऊर्जा को उद्यमिता और नवाचार की दिशा में लगाएं तो वे देश की प्रगति और आर्थिक विकास के प्रमुख वाहक बन सकते हैं।

*******************************************************************

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए जल्द ही एक ऐप शुरू करने जा रहा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक ए एस चावला ने आज पंचकुला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इस ऐप के माध्यम से लोग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के साथ आसानी से संपर्क कर पाएंगे । इससे भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी।

पंचकूला के नगर निगम बैंक घोटाले मामले को लेकर उन्होंने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और लोगों के नाम सामने आएंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं 590 करोड रुपए के बैंक घोटाले मामले को लेकर उन्होंने कहा कि इसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।

*******************************************************************

सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए कुरुक्षेत्र में आज अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने युवाओं को रोजगार देने के मामले में देश के सामने आ रही चुनौती को स्वीकार करते हुए इससे निपटने की दिशा में कदम बढ़ाया है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए 2 साल के अंदर कुरुक्षेत्र में आधुनिक कौशल केंद्र और बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई की स्थापना का कार्य पूरा किया है। पिछले एक साल के दौरान 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है। श्री नवीन जिंदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई निरंतर प्रक्रिया है।

*******************************************************************

हरियाणा सरकार ने राज्य के छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और उद्यमियों को वर्षों पुराने टैक्स विवादों से मुक्ति दिलाने के लिए एक अत्यंत महत्वाकांक्षी 'एकमुश्त निपटान योजना-2026' की घोषणा की है। पहली जून से प्रभावी हुई यह योजना 28 सितंबर तक लागू रहेगी। जींद में आबकारी एवं कराधान अधिकारी सुब्रत शर्मा ने योजना की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य छोटे व्यापारियों पर से पुराने बकाया का बोझ हटाना और विभाग के साथ उनके समन्वय को मजबूत करना है। उन्होंने कहा की योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका के निवारण के लिए व्यापारी जिला आबकारी एवं कराधान विभाग कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकते हैं या विभागीय डिजिटल पोर्टल पर भी लॉगिन कर सकते हैं।

*******************************************************************

हरियाणा में 15 जून से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण –एस आई आर प्रक्रिया शुरू होगी। जिसमें 2 करोड़ 6 लाख मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। जींद जिले में भी इसकी तैयारी शुरू गई है। जींद जिले के उप मंडल मैजिस्ट्रेट सत्यनारायण मान ने बताया कि 15 जून से बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का डेटा जुटाएंगे। सर्वे को पूरी सटीकता से संपन्न कराने के लिए 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण चल रहा है। श्री मान ने लोगों से बी एल ओ से सहयोग करने की अपील की है।

*******************************************************************